**सं. 11011/12/2024-रा.भा.(अनु.)**
**गृह मंत्रालय**
**राजभाषा विभाग**

**एनडीसीसी-।। भवन, बी विंग, चौथा तल,**
**जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001**
**दिनांकः- 6 जनवरी, 2025**

## कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि के पुस्तकालयों के लिए राजभाषा हिंदी और भारतीय संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों की यात्रा पर केंद्रित और प्रकाशित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची तैयार करना।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि को उनके पुस्तकालयों में क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है। उपर्युक्त रीति के अनुसार दिनांक 01-01-2023 से 31.12.2023 की अवधि के बीच विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित स्तरीय पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा 11 दिसंबर 2024 को परिचालित की गई है।

2. उल्लेखनीय है कि गत 14 सितबंर, 2024 को संविधान सभा द्वारा हिंदी को संघ की राजभाषा स्वीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी का हीरक जयंती समारोह मनाया गया। इसी प्रकार भारत की संविधान सभा द्वारा संविधान को अंगीकृत किए जाने के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं और संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद में भी चर्चा की गई है।

3. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए राजभाषा विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि स्वतंत्रता पूर्व हिंदी की ऐतिहासिक स्थिति, स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी का महत्व, हिंदी व्याकरण, हिंदी भाषा का इतिहास संविधान सभा में हिंदी पर हुई बहसों, राजभाषा हिंदी, संपर्क भाषा के रुप में हिंदी, अमृत काल में हिंदी और भारतीय भाषाओं का महत्व, भारत की आजादी के 75 वर्षों में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका में हिंदी की स्थिति, मीडिया में हिंदी, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हिंदी, कृत्रिम बुद्धिमता और हिंदी, अनुसंधान में हिंदी, शिक्षा में हिंदी, विश्व पटल पर हिंदी विषयों पर केंद्रित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की जाए। यह भी निर्णय लिया गया है कि इस सूची में संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पूरी होने के अवसर पर हिंदी की ऐसी स्तरीय पुस्तकों को भी शामिल किया जाए जिनमें भारतीय संविधान के निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा को रेखांकित किया गया हो।

4. उपर्युक्त के अनुसार समस्त लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों तथा वितरकों से उत्कृष्ट पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं। इस सूची में शामिल होने के लिए पुस्तकों की प्रकाशन अवधि कोई भी हो सकती है, लेकिन पुस्तक खरीद के लिए बाजार में उपलब्ध होनी चाहिए।

5. इच्छुक प्रार्थियों से संलग्नक-1 के प्रपत्र और घोषणा पत्र में मांगी गई जानकारी प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति के साथ निम्न पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। केवल ऐसी पुस्तकें जिन्हें उपर्युक्त विषयों पर प्रकाशित किया गया है, विचारार्थ पात्र हैं।

7. सभी प्रविष्टियाँ निर्धारित प्रपत्र और घोषणा पत्र में वांछित सूचना पूर्ण और स्पष्ट रूप से भरकर दिनांक 31.01.2025 तक यूनिकोड मंगल आधारित फॉन्ट में **raghubir.sharma75@nic.in** और निम्नलिखित पते पर भेजें:-

> रघुवीर शर्मा, सहायक निदेशक,
> राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,चौथा तल, बीं विंग, एन डी सी सी - 2 भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
> दुरभाष सं. 011-23438137
> ई-मेल आई डी raghubir.sharma75@nic.in
> वेबसाइट: www.rajbhasha.gov.in

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव(पत्रिका)
दूरभाष: 011-23438129

प्रतिलिपि- 1. हिंदी के प्रकाशक(संलग्न सूची के अनुसार)
2. निदेशक, एन आई सी को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कराएं।

**प्रपत्र** **संलग्नक-1**

(i) विधा/विषय का नाम :

(ii) पुस्तक का नाम :

(iii) लेखक का नाम :

(iv) पुस्तक का पहला संस्करण कब प्रकाशित किया गया?

(v) क्या पुस्तक खरीद के लिए बाजार में उपलब्ध है?

(vi) पुस्तक मूल रुप में हिंदी में लिखी गई है या हिंदी में अनूदित की गई है:-

यदि अनूदित है तो :

(क) किस भाषा से अनूदित है :

(ख) अनुवादक(अनुवादकों) का नाम :

(ग) मूल लेखक(लेखकों) का नाम :

(vii) पुस्तक का मूल्य :

(viii) प्रकाशक का संपर्क विवरण :

(क) नाम :

(ख) कार्यालय का पता :

(ग) फोन/मोबाइल नंबर :

(घ) ई-मेल आई डी :

:

**घोषणा पत्र**

(क) मै/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/ करते हैं कि यह मेरी/हमारी मौलिक रचना है अथवा मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी अनूदित रचना है।

(ख) मै/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/ करते हैं कि इस पुस्तक-------------------(पुस्तक का नाम तथा लेखक के नाम का भी उल्लेख करें) में कोई भी राष्ट्र-विघटनकारी एवं देश-द्रोह-उन्मुखी तथा आतंकवाद व सांप्रदायिकता-उत्तेजक सामग्री नहीं है। मै/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/ करते हैं कि इस पुस्तक में कोई राजनैतिक, भौगोलिक अथवा राजनयिक विवादस्पद तथ्य नही है।

(ग) मै/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/ करते हैं कि इस पुस्तक में प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और शालीन है।

(घ) मै/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/ करते हैं कि सूची में शामिल करने के विचारार्थ भेजी जाने वाली यह पुस्तक/ये पुस्तकें किसी दूसरे नाम से अथवा किसी दूसरी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित/मुद्रित नही की गई है/हैं।

हस्ताक्षर------------------------------------------------

नाम---------------------------------------------------

पता---------------------------------------------------

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

मोबाइल नं.------------------------------------------

**<u>हिंदी के प्रमुख प्रकाशकों की सूची</u>**

1. ए. आर. पब्लिशिंग कंपनी, दिल्ली
2. आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला
3. अधिकरण प्रकाशन, नई दिल्ली
4. अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लि., नई दिल्ली
5. आईसेक्ट लिमिटेड, भोपाल
6. अनामिका प्रकाशन एंड डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लि. प्रयागराज
7. अंतिका प्रकाशन, गाजियाबाद
8. अनुराधा प्रकाशन, नई दिल्ली
9. भारतीय ज्ञानपीठ/वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
10. भावना प्रकाशन, नई दिल्ली
11. बिंब प्रतिबिंब प्रकाशन, कपूरथला
12. बोधि प्रकाशन, जयपुर
13. बोधरस प्रकाशन, लखनऊ
14. केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली
15. केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा/दिल्ली केंद्र
16. सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली
17. प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली
18. एकलव्य फाउण्डेशन, भोपाल
19. एकतारा ट्रस्ट, भोपाल
20. फिलहाल, पटना
21. फ्लायड्रीम पब्लिकेशन, गाजियाबाद
22. फॉरवर्ड ट्रस्ट, नई दिल्ली
23. गार्गी प्रकाशन, नई दिल्ली
24. गुलमोहर किताब, नई दिल्ली
25. हंस प्रकाशन, नई दिल्ली
26. हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी, पंचकूला
27. हिंदी बुक सर्विस, नई दिल्ली
28. हिंद युग्म, नोएडा

29. हिंदी बुक सेंटर, नई दिल्ली
30. हिंदी श्री पब्लिकेशन, भदोही
31. इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा
32. इंक पब्लिकेशन, बरेली, उ.प्र.
33. जनचेतना पुस्तक प्रतिष्ठान संस्थान, लखनऊ
34. कामगार प्रकाशन, नई दिल्ली
35. कविता कोश एवं श्वेतवर्णा प्रकाशन, नोएडा
36. किताबघर प्रकाशन, दिल्ली
37. लिटिल बर्ड, नई दिल्ली
38. लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज
39. मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
40. महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
41. मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली
42. नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, नई दिल्ली।
43. मोतीलाल बनारसीदास इंटरनेशनल, नई दिल्ली
44. नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया, कोलकता
45. नई किताब प्रकाशन, दिल्ली
46. न्यूवर्ल्ड पब्लिकेशन प्रा. लि., दिल्ली
47. पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस प्रा., नई दिल्ली
48. प्रभात प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली
49. प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली
50. प्रखर गूंज पब्लिकेशन, नई दिल्ली
51. प्रलेक प्रकाशन, थाणे
52. पीपुल्स प्रकाशन, कोलकाता
53. पुस्तक प्रतिष्ठान, नई दिल्ली
54. पुस्तकनामा, गाजियाबाद
55. राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
56. राजस्थान पत्रिका, जयपुर
57. राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली

58. राजपाल एंड संस, नई दिल्ली
59. राजसूर्य प्रकाशन, नई दिल्ली
60. रेख्ता फाउंडेशन, दिल्ली
61. सदीनामा प्रकाशन, कोलकता
62. साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
63. साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, नई दिल्ली
64. साहित्य सरोवर, दिल्ली
65. समय प्रकाशन, दिल्ली
66. समय साक्ष्य प्रकाशन, देहरादून
67. सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली
68. समदर्शी प्रकाशन, गाजियाबाद
69. संवाद प्रकाशन, मेरठ
70. संसमय प्रकाशन, इंदौर
71. सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली
72. सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली
73. सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली
74. सेतु प्रकाशन प्रा.लि. नोएडा
75. शब्दसंधान प्रकाशन, नई दिल्ली
76. शिवम प्रकाशन, सिहोर
77. शुभदा प्रकाशन, दिल्ली
78. सूर्य प्रकाशन मंदिर, बीकानेर
79. उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ
80. वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
81. वनिका पब्लिकेशन, नई दिल्ली
82. विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट, आगरा